रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर

बुंदेलखंड विश्वविद्यालय और रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के बीच हुआ एमओयू

जबलपुर 12 मई। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झांसी और रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर के बीच गुरूवार को एमओयू साइन किया गया। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय की ओर से माननीय कुलपति प्रो. मुकेश पाण्डेय और रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय की ओर से माननीय कुलपति प्रो. कपिल देव मिश्र ने अनुबंध पर हस्ताक्षर किए।

इस अवसर पर माननीय कुलपति प्रो. कपिल देव मिश्र ने कहा कि एमओयू का उद्देश्य सहयोग द्वारा व्यापक रूप से शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करना है। दोनों संस्थानों के सहयोगात्मक प्रयासों के माध्यम से शिक्षा और अनुसंधान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नई साझेदारी को विकसित करने और पोषित करने की आवश्यकता है। एमओयू का उद्देश्य, फैकल्टी के सहयोग का आदान–प्रदान करना है। समझौता ज्ञापन में शैक्षिक मानक का कार्यान्वयन भी शामिल है। यह एमओयू फैकल्टी के साथ–साथ विद्यार्थियों के लिए शैक्षिक और अनुसंधान के क्षेत्र में आपसी सहयोग के आदान–प्रदान और बढ़ावा देने में मददगार होगा। अनुबंध पर हस्ताक्षर के दौरान संकायाध्यक्ष प्रो. राकेश बाजपेयी, प्रो. धीरेन्द्र पाठक, प्रो. एस.एस. संधु, सहायक कुलसचिव श्री अभयकांत मिश्रा भी मौजूद रहे।

विश्वविद्यालय परिसर में जन्मदिन पर पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

जबलपुर 12 मई। रादुविवि परिसर में आज माननीय कुलपति प्रो. कपिल देव मिश्र के नेतृत्व में समाजसेवी, अधिवक्ता एवं पूर्व छात्रावासी छात्र श्री श्याम सुंदर यादव 'बब्बू' के जन्म दिन के अवसर पर देवेन्द्र पुरुष छात्रावास के छात्रों द्वारा मुख्य प्रशासनिक भवन के सामने बगीचे पौधारोपण किया गया। पर्यावरण संरक्षण को दृष्टिगत रखते हुए सभी छात्रों ने संकल्प लिया कि प्रत्येक छात्र के जन्मदिन पर एक पौधे का रोपण किया जायेगा। साथ ही इन पौधों की सुरक्षा एवं संरक्षण की जवाबदारी छात्रावासी छात्रों को सौंपी गई।

इस अवसर पर कर्मचारियों एवं देवेन्द्र पुरुष छात्रावास के छात्र प्रमुख सोमदत्त यादव, शिब्बू कुशवाहा, कुलदीप सहित देवेन्द्र पुरुष छात्रावास के छात्रगण उपस्थित थे।